यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम लॉन्च

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने अपनी रणनीतिक योजना आईआईएम ऐट-2030 के तहत यंग चेंजमेकर्स प्रोग्राम लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य युवा नेतृत्वकर्ताओं को प्रोत्साहित करना है। यह एक तीन दिवसीय कार्यक्रम होगा, जो विद्यार्थियों को आदिवासी गांवों का पता लगाने, उनकी चुनौतियों को समझने और सहयोग के रूप में व्यावहारिक समाधान विकसित करने का मंच प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में राजधानी के विभिन्न स्कूलों के 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को भी जोड़ा जाएगा।

Hindustan_14.05.2023_Pg. 09